**Sixteenth Loksabha**

>

Title: Need to provide passage to people on Kosamba - Umarpada ; Limbada- Asrama railway lines in Gujarat.

**श्री प्रभुभाई नागरभाई वसावा (बारदौली):** कोसंबा-उमरपाडा नेरोगेज लाइन पर कोसंबा तथा वेलाछा स्टेशनों के बीच आये हुए राष्ट्रीय राजमार्ग सं.-8 के ROB के नीचे रेलवे ट्रैक है जहां पहले समपार फाटक नं.-3ए रेलवे किमी 4/0-4/1 में थी वह बंद कर दी गयी है। ROB के दोनों तरफ के सर्विस रोड जो रेलवे लाइन को क्रॉस करते है वे हाल में बंद हालत में है। जिससे कोसंबा तथा मांगरोल दोनों तरफ जाने के लिए यू टर्न लेना पड़ता है तथा इससे दुर्घटना होने की पूरी संभावना है तथा इसमें जन-हानि भी हो सकती है। अब आसपास गाँवों के लोगों की मांग होने के कारण इस ROB के बीच रेलवे लाइन में दो RCC-BOX (LHS) लगाने से सर्विस रोड से जोड़ने के लिए अंडरग्रारंड रास्ता बनने से इस समस्या का समाधान हो जायेगा।

लिम्बाड़ा और आसरमा स्टेशनों के बीच किमी 12/0 में रेलवे लाइन को पास करने के लिए सबवे दिया जाये जिससे आसपास के किसान लोगों द्वारा खेती करने हेतु उनके खेत तक जाने का रास्ता मिल जाये। हाल में किमी 12/0 के दोनों तरफ दो बड़े नाले (पुलिया) नं. 1 5 (रलवे किमी 1 1/8-11/9) नं.-16 (रलवे किमी 12/1-12/2) आए हुए हैं तथा उसके कारण किसान को अपने खेतों में आने में बहुत ही समस्या रहती है। इन नालों को पार करना भी आसान नहीं है। यहाँ की रेलवे लाइन भी जमीन से ऊँचाई पर है। अगर इस रेलवे लाइन में दोनों नालों के मध्य में अगर सबवे, अंडरग्राउंड रास्ता बना दिया जाए तो इस समस्या का हल हो जाएगा।

इसलिए मैं माननीय मंत्री जी से यह दोनों काम जल्द से जल्द करवाने का आग्रह करता हूँ।